शैनन टैन और प्रणवी एक बार फिर होंगी आमने-सामने

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन के बाद सिंगापुर की शैनन टैन और भारत की प्रणवी उर्स एक बार फिर हीरो विमेंस इंडियन ओपन में आमने-सामने होंगी। इस महीने की शुरुआत में जापान के आइची-नागोया में प्रणवी ने भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था, जबकि शैनन को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था।

हालांकि, शैनन हीरो विमेंस इंडियन ओपन की डिफेंडिंग चैंपियन हैं। वहीं, प्रणवी इस ट्राफी को वापस भारत लाने की कोशिश करेंगी। यह टूर्नामेंट 22 से 25 अक्टूबर तक आयोजित होगा। खिलाड़ियों के सामने न केवल चुनौतीपूर्ण डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब का मैदान है, बल्कि यहां दुनिया की बेहतरीन गोल्फर्स भी मौजूद हैं, जो हीरो विमेंस इंडियन ओपन के इतिहास में अब तक के सबसे मजबूत खिलाड़ियों के समूह में से एक है। इस टूर्नामेंट में हीरो विमेंस इंडियन ओपन की चार पूर्व चैंपियन शैनन टैन (2025), लिज यंग (2024), कैमिल शेवेलियर (2017) और पोर्ननोंग फाटलम (2008, 2009 और 2012) हिस्सा ले रही हैं, जिनके नाम कुल छह जीत दर्ज हैं। पोर्ननोंग 14 साल बाद इस टूर्नामेंट में वापसी कर रही हैं।